


**PRESS RELEASE**

**OUR LEGISLATURES ARE INSTITUTIONS OF TRUST THAT EMBODY FAITH AND TRUST OF PEOPLE: LOK SABHA SPEAKER/हमारे विधानमंडल ऐसी संस्थायें हैं जो विश्वास का साकार रूप हैं और जनता के विश्वास एवं भरोसे का प्रतीक हैं: लोकसभा अध्यक्ष**

**…**

**NEW CHHATTISGARH LEGISLATIVE ASSEMBLY BUILDING REFLECTS GOVERNMENT'S VISION OF STRENGTHENING DEMOCRATIC INSTITUTIONS: LOK SABHA SPEAKER/छत्तीसगढ़ के विधान सभा का नया भवन लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत करने के सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है: लोकसभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER CONGRATULATES PEOPLE OF CHHATTISGARH ON INAUGURATION OF NEW VIDHAN SABHA BUILDING/लोकसभा अध्यक्ष ने विधान सभा के नये भवन के उद्‌घाटन पर छत्तीसगढ़वासियों को बधाई दी**

**…**

**Raipur, November 1, 2025:** Prime Minister Shri Narendra Modi today inaugurated the new building of the Chhattisgarh Legislative Assembly in Raipur, marking a significant milestone in the state's democratic journey. The inauguration ceremony coincided with the 25th anniversary of the state's formation.

Lok Sabha Speaker Shri Om Birla attended the ceremony and congratulated the people of Chhattisgarh, emphasizing that legislatures are institutions of trust that embody the faith and aspirations of citizens. He noted that the quality of discussions and deliberations within these institutions determines the strength of democracy and the success of governance.

Shri Birla expressed confidence that the new Assembly building would promote inclusive development and good governance in the State, contributing to the vision of Atmanirbhar Bharat and Viksit Bharat. He highlighted that the inauguration of the new building reflects the Union Government's commitment to strengthening democratic institutions across the nation.

The new Assembly complex is designed with modern architecture and equipped with state-of-the-art facilities, including advanced digital infrastructure. Shri Birla observed that this would empower legislators to address the aspirations of the people and contribute more effectively to policymaking and public welfare.

Shri Birla praised the Chhattisgarh Legislative Assembly for upholding high traditions of dignity, dialogue, and democratic practice. He expressed hope that these traditions would be further strengthened in the new building, which would become a vibrant center of democratic ideals and inspire public representatives to work with dedication.

Chief Minister Shri Vishnu Deo Sai, Speaker of the Chhattisgarh Legislative Assembly Dr. Raman Singh, Members of Parliament, Ministers, legislators, and other dignitaries were present on the occasion.

**रायपुर, 1 नवंबर, 2025:** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ विधान सभा के नए भवन का उद्घाटन किया, जो राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नवीन भवन का उद्घाटन समारोह राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने इस समारोह में भाग लिया और छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधानमंडल ऐसी संस्थाएँ हैं जो विश्वास का साकार रूप हैं और नागरिकों की आस्था एवं आकांक्षाओं का प्रतीक हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन संस्थाओं में होने वाली चर्चाओं और विचार-विमर्श की गुणवत्ता ही लोकतंत्र की मज़बूती और शासन की सफलता का निर्धारण करती है।

श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि विधान सभा का नया भवन राज्य में समावेशी विकास और सुशासन को बढ़ावा देगा और आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के विज़न को साकार करने में योगदान देगा। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि नए भवन का उद्घाटन देश भर में लोकतांत्रिक संस्थाओं को मज़बूत करने हेतु केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विधान सभा का नया परिसर आधुनिक वास्तुकला के अनुसार डिज़ाइन किया गया है और उन्नत डिजिटल अवसंरचना सहित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है। श्री बिरला ने कहा कि इससे विधायकों को लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और नीति निर्माण एवं लोक कल्याण में अधिक प्रभावी ढंग से योगदान देने का अवसर मिलेगा।

श्री बिरला ने गरिमा, संवाद और लोकतांत्रिक व्यवहार की उच्च परंपराओं को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए भवन में ये परंपराएँ और सुदृढ़ होंगी, और यह भवन लोकतांत्रिक आदर्शों का जीवंत केंद्र बनेगा एवं जनप्रतिनिधियों को समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय; छत्तीसगढ़ विधान सभा के अध्यक्ष, डॉ. रमन सिंह; संसद सदस्यगण, मंत्रीगण, विधायकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।